डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-408/DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/परीक्षा/2021–22 दिनांकः– 13 सितम्बर, 2021

अन्तिम अधिसत्र/वर्ष तथा बी0पी0ओ0 प्रथम वर्ष की वार्षिकी परीक्षा एवं बी0कॉम0 एलएल0बी0 द्वितीय/चतुर्थ/षष्ठम्/अष्ठम् अधिसत्र की आयोजित परीक्षा से पृथक अधिसत्रों/वर्ष (मई, 2021 के अन्तर्गत) जुलाई–अगस्त, 2021 में प्रोन्नत किये जाने वाले विद्यार्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन विषयक आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय पत्रांक–सी.ओ.ई.–164, दिनाँक 19.07.2021 द्वारा विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में अन्तिम अधिसत्र (फाइनल सेमेस्टर) तथा बी0पी0ओ0 प्रथम वर्ष की वार्षिकी एवं बी0कॉम0एलएल0बी0 द्वितीय/चतुर्थ/षष्ठम्/अष्ठम् अधिसत्र की शैक्षणिक सत्र् 2020–21 में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों से पृथक शेष अन्य अधिसत्रों/वर्ष में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की परीक्षा का आयोजन न कराते हुए अगामी अधिसत्र/वर्ष में प्रोन्नति प्रदान की जानी है। जिसके क्रम में विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन–लाइन आवेदन–पत्र दिनाँक 26.07.2021 तक आमंत्रित किये गये थे, जिसके उपरांत पत्रांक–सी.ओ.ई.–194, दिनाँक 30.07.2021 द्वारा दिनाँक 10.08.2021 तक ऑनलाइन आवेदन भरे जाने हेतु तिथि विस्तारित की गयी थी।

तद्क्रम में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उपर्युक्तानुसार अन्तिम अधिसत्र (फाइनल सेमेस्टर) तथा बी0पी0ओ0 प्रथम वर्ष की वार्षिकी एवं बी0कॉम0एलएल0बी0 द्वितीय/चतुर्थ/षष्ठम्/अष्ठम् अधिसत्र की शैक्षणिक सत्र् 2020–21 में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों से पृथक शेष अन्य अधिसत्रों/वर्ष में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिये **निर्धारित आवेदन तिथि को विद्यार्थियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनाँक 17.09.2021 तक विस्तारित किया जाता है। पूर्व में निर्गत सूचना द्वारा प्रदत्त दिशा–निर्देशों के अनुसार ऑन लाइन आवेदन दिनाँक 17.09.2021 तक भरना सुनिश्चित करें। अतः आगामी सेमेस्टर में प्रोन्नति हेतु आवेदन समयबद्ध अपेक्षित है।**

शेष शर्तें एवं व्यवस्थाएं पूर्ववत् रहेंगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. सम्बन्धित अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण।
6. प्रोचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय से कि विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी को अपने संस्थान में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 19.09.2021 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
7. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि विभागीय विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी को विभाग में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 19.09.2021 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
9. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।
10. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

10/9/21
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक